शाहजहांनाबाद की वाजपेयी नगर मल्टी का मामला

75 वर्षीय महिला की नृशंस हत्या के विरोध में सड़क पर शव रखकर किया चक्काजाम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शाहजहांनाबाद थाना इलाके की वाजपेयी नगर मल्टी में 75 वर्ष की नृशंस हत्या के मामले में दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। वारदात को लेकर शनिवार को जनाक्रोश सड़क पर उतर आया। कलेक्टर कार्यालय की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क पर महिला का शव रखकर लोगों ने चक्काजाम कर दिया। वे लोग हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार के लोगों को जल्द ही न्याय दिलवाने का भरोसा दिया। इसके बाद एक घंटे तक चला धरना शांत हुआ और लोग शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। इस मामले में पुलिस कुछ संदेहियों से सघन पूछताछ कर रही है।

गुरुवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर हुई वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। हत्यारों ने जिस बेरहमी के साथ लूटपाट को अंजाम दिया। उससे महिला के परिवार के लोग काफी सदमे में

दो दिन बाद भी पुलिस को नहीं मिला आरोपियों का सुराग



हैं। उधर दो दिन बीत जाने पर भी आरोपियों के बारे में ठोस सुराग नहीं मिल पाने के कारण स्थानीय रहवासी भी शनिवार दोपहर तब आक्रोशित हो गए, जब पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव उसके परिवार के लोगों को सौंपा गया। हमीदिया अस्पताल से श्मशान घाट ले जाने के बजाए शव को कलेक्टर कार्यालय की तरफ जाने वाले मुख्य मार्ग पर ले जाकर सड़क पर रख दिया गया। पुलिस आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी ना होने से रोष जताते हुए नारेबाजी करने लगे। इससे क्षेत्र में वाहनों के पहिए थम गए और मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। उसके बाद मामला शांत हुआ।

क्या है मामला

वाजपेयी नगर मल्टी में 75 वर्षीय कलरी देवी अपने मूकबधिर बेटे और नाती के साथ रहती थी। रोजाना की तरह बेटा श्यामला हिल्स स्थित अपने सरकारी आफिस में ड्यूटी पर चला गया था। नाती भी किसी काम से चला गया था। कलरी देवी घर में अकेली थी। पड़ोस में रहने वाली वर्षा नाम की युवती उनका हाल चाल पूछती रहती थी। दोपहर दो बजे वर्षा उनसे बात करने के बाद अपने काम पर चली गई थी। शाम साढ़े चार बजे वर्षा काम से घर लौटी तो कलरी देवी के फ्लैट का दरवाजा खुला था। चाय पिलाने के उद्देश्य से उसने अम्मा कहकर दो-तीन बार आवाज दी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर वर्षा फ्लैट के अंदर चली गई। उसने देखा कि कलरी देवी बाथरूम के पास बेसुध पड़ी हुई थीं। उनके चेहरे, कान पर खून लगा था। गले में लगी खरोंच में भी खून उतर आया था।

उनके मुंह से सोना मढ़े दांत भी नदारद थे। संभवत: पिंचिस का इस्तेमाल कर दांत उखाड़े गए थे। वर्षा के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी थी। इस मामले में नगरीय पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने एसीपी शाहजहांनाबाद अनिल वाजपेयी के नेतृत्व में एसआईटी बनाई है। एसीपी वाजपेयी ने बताया कि क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी से घटना के समय के कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के फुटेज मिले हैं। इस आधार पर कुछ संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

तीन दिन की गंदगी 13 घंटे में साफ, क्लीन भोपाल अभियान में रातभर चला सफाई अभियान



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी भोपाल में तीन दिन से ठप पड़ी सफाई व्यवस्था शनिवार सुबह तक पटरी पर लौटने लगी। 7 हजार से अधिक सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म होने के बाद नगर निगम का अमला रातभर मैदान में जुटा रहा।

शुक्रवार रात 8 बजे से शुरू हुआ विशेष सफाई अभियान शनिवार सुबह 9 बजे तक चला। इस दौरान प्रमुख सड़कों, बाजारों और रहवासी क्षेत्रों से कचरा उठाया गया। न्यू मार्केट, चौक बाजार सहित प्रमुख बाजारों की पानी से धुलाई भी की गई। 7000 से अधिक सफाईकर्मियों की हड़ताल के कारण पिछले तीन दिनों से शहर में नियमित सफाई नहीं हो पा रही थी। बाजारों, सड़कों और रहवासी इलाकों में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए थे। इससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हड़ताल समाप्त होने के बाद नगर निगम ने विशेष अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था बहाल करने की कोशिश शुरू कर दी है। अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन (7262) के पदाधिकारियों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बीच मुलाकात के बाद हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया गया। मंत्री कृष्णा गौर ने इस पूरे मामले में पहल करते हुए यूनियन पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई। बातचीत सकारात्मक रहने के बाद कर्मचारियों ने आंदोलन खत्म करने की घोषणा की। इसके बाद शुक्रवार रात से ही सफाईकर्मी काम पर लौट आए। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झांझोट ने बताया कि शनिवार दोपहर तक पूरी राजधानी की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

अधिकारियों ने भी हाथों में उठाई झाड़ू

हड़ताल खत्म होने के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, महापौर मालती राय और नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य अधिकारी रात में 10 नंबर मार्केट पहुंचे। यहां अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ झाड़ू लगाकर सफाई की। शनिवार सुबह महापौर और निगम कमिश्नर ने न्यू मार्केट, चौक बाजार सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

इंटरनेट मीडिया पर ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट डाली तो खैर नहीं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः त्यौहार का समय देखते हुए नगरीय पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने इंटरनेट मीडिया पर किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट डालने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

इसके तहत शनिवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा- 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। उसमें बताया गया है कि इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से उतनी वैमनस्यता का संचार नहीं होता, जितना कि उस पर होने वाली प्रतिक्रिया एवं टिप्पणी करने से होता है। उसकी वजह से लोक व्यवस्था एवं सामाजिक शांति भंग हो सकती है।

इस बात को देखते हुए सोशल मीडिया पर इस प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध तथा महानगर भोपाल में जन सुरक्षा तथा लोक परिशांति बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश प्रभावशील किया गया है।

महिला शिक्षिकाओं की चाइल्ड केयर लीव प्रक्रिया ऑनलाइन करने की मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में महिला शिक्षिकाओं को मिलने वाले संतान पालन अवकाश (चाइल्ड केयर लीव) की स्वीकृति प्रक्रिया ऑनलाइन करने की मांग उठी है। शासकीय शिक्षक संगठन ने स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य शासन से इस संबंध में जल्द व्यवस्था लागू करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि वर्तमान में जिला स्तर पर चल रही ऑफलाइन प्रक्रिया के कारण महिला शिक्षिकाओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार पात्र होने के बावजूद उन्हें इस अवकाश का लाभ नहीं मिल पाता।

ऑफलाइन व्यवस्था में पारदर्शिता पर उठे सवाल

शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने कहा कि संतान पालन अवकाश के आवेदन से लेकर स्वीकृति तक की प्रक्रिया ऑफलाइन होने के कारण पारदर्शिता की कमी बनी रहती है। आवेदन के निपटारे में अनावश्यक देरी और कथित अनियमितताओं की शिकायतें भी सामने आती हैं। इससे वास्तविक रूप से पात्र महिला शिक्षिकाओं को अपने अधिकार के अनुरूप अवकाश प्राप्त करने में कठिनाई होती है।

उन्होंने कहा कि संतान पालन अवकाश केवल विभागीय सुविधा नहीं है, बल्कि बच्चों की देखभाल, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन से जुड़ा महत्वपूर्ण अधिकार है। इसलिए इसकी स्वीकृति प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध होनी चाहिए।

उपेन्द्र कौशल ने स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और राज्य शासन से मांग की है कि संतान पालन अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन और स्वीकृति की व्यवस्था जल्द लागू की जाए। इससे आवेदन की स्थिति की जानकारी आसानी से मिल सकेगी और प्रक्रिया में अनावश्यक देरी को कम किया जा सकेगा। संगठन का मानना है कि ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने से पात्र महिला शिक्षिकाओं को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और उन्हें अपने वैधानिक अधिकार का लाभ सम्मानपूर्वक मिल सकेगा।

सवारों के उतरते ही कार लुढ़ककर कुएं में जा गिरी, बड़ा हादसा टला

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम निपानिया जाट के पास सड़क पर खड़े डंपर को बचाने के प्रयास में कार खेत में उतरकर बिना मुंडेर के कुएं के पास पहुंच गई। जैसे ही उसमें सवार लोग नीचे उतरे कार लुढ़ककर कुएं में अंदर जा गिरी। इससे बड़ा हादसा टल गया। बड़ी मशक्कत के साथ क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाल लिया गया।

टखेड़ी थाना पुलिस के मुताबिक करोंद खुर्द निवासी प्रेमसिंह लोधी की भोपाल में दुकान है। शनिवार रात को वह दो साथियों के साथ कार से गांव लौट रहे थे। तड़के लगभग तीन बजे वे लोग ग्राम निपानिया जाट के पास पहुंचे थे, तभी अचानक उनकी नजर सड़क पर खड़े डंपर पर पड़ी।

कार की रफ्तार अधिक होने के कारण डंपर से टक्कर टालने के दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में उतरते हुए बिना मुंडेर के कुएं तक जा पहुंची। कार का अगला हिस्सा कुएं तक जा पहुंचा। कार में सवार सभी लोग तेजी से नीचे उतर गए। उनके बाहर निकलते ही कार कुएं के अंदर जा गिरी। लगभग तीस फीट गहरे कुएं में 10 फीट तक पानी भरा है।

झगड़े में युवक को आया था हार्ट अटैक, दो के खिलाफ केस दर्ज

नप्र, भोपाल : तलैया थाना इलाके में छह दिन पहले दो पक्षों के दौरान झगड़ा होने पर एक युवक को हार्ट अटैक आ गया था। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में जांच के बाद शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। तलैया थाना पुलिस के मुताबिक इस्लामपुरा निवासी 33 वर्षीय कालू उर्फ माजिद कुरैशी निजी काम करता था। उसका क्षेत्र में रहने वाले आरिस से रुपयों की उधारी को लेकर विवाद चल रहा था। एक नवंबर की शाम साढ़े चार बजे पंचायती मस्जिद के पास आरिस और उसके चचेरे भाई ने माजिद के साथ झूमाझटकी करना शुरू कर दी। इस दौरान अचानक माजिद के सीने में दर्द उठा। वह परिवार के लोगों के साथ रिपोर्ट करने तलैया थाने पहुंचा ही था, तभी उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिवार को लोग उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने आरिस और आदिल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

अस्पताल के कर्मचारी का शव पुलिया के नीचे मिला

नप्र, भोपाल : गांधी नगर थाना इलाके में शुक्रवार शाम आईटी पार्क के पास स्थित एक पुलिया के नीचे से एक युवक का शव बरामद किया गया है। वह एक निजी अस्पताल में काम करता था। उसके सिर पर चोट का निशान मिलने से मामला संदिग्ध हो गया है। पुलिस उसके पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक मूलत: दमोह निवासी 31 वर्षीय पंकज पुत्र मुन्नालाल जाटव आईटी पार्क के पास बने महावीर अस्पताल में काम करता था। वह वहीं रहता भी था। पांच नवंबर की रात को वह अस्पताल से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। शुक्रवार शाम को आईटी पार्क के पास पुलिया के नीचे पत्थरों पर उसका शव पड़ा मिला। उसके सिर में चोट का निशान भी था। पंकज की शादी नहीं हुई थी। घटना की सूचना मिलने पर उसके परिवार के लोग भोपाल आ गए थे।

हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से युवक की मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः परवलिया सड़क थाना इलाके में दीपावली की सजावट के लिए छत पर रंग-बिरंगे बल्बों की झालर लगा रहे युवक को छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का करंट लग गया। हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



परवलिया सड़क थाना पुलिस के मुताबिक परवलिया निवासी 22 वर्षीय आकाश विश्वकर्मा दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। साथ ही वह वहीं एक निजी कंपनी में नौकरी भी कर रहा था। हाल ही में वह दीपावली मनाने के लिए घर आया था। गुरुवार रात लगभग 10 बजे आकाश घर को सजाने के लिए बिजली के बल्बों की झालर लेकर छत पर गया था। करीब डेढ़ घंटे तक वह वापस नीचे नहीं आया, तो उसका भाई विक्की उसे देखने छत पर पहुंचा। वहां देखा कि आकाश बेसुध पड़ा हुआ था। उसके शरीर पर करंट लगने के निशान थे। उसे पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां चैक करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोसी आकाश भावसार ने बताया कि आकाश के घर की छत के ऊपर से 33 केवी की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। आशंका है कि झालर फेंकते समय हाईटेंशन के करंट की चपेट में आकर आकाश हादसे का शिकार बन गया।

महिला से दुष्कर्म, उसके बच्चों से की मारपीट

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः छोला मंदिर थाना पुलिस ने क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहित महिला की शिकायत पर उसके परिचित के खिलाफ दुष्कर्म करने और उसके बच्चों से मारपीट करने का केस दर्ज किया है। छोला मंदिर थाना पुलिस के अनुसार क्षेत्र में रहने वाली 30 वर्ष की विवाहित महिला के दो बच्चे हैं। उसका पति शराब पीने का आदी है।

इस वजह से पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था। पति के दोस्त रविंद्र जैन का महिला के घर आना-जाना था। रविंद्र व्यवसायी है। उसने महिला से कहा कि तुम्हारा पति शराबी है। मेरी भी अपनी पत्नी से नहीं पटती है। यदि वह उसके साथ रहने लगे, तो वह बच्चों का भी पालन पोषण करने को तैयार है। उसकी बातों में आकर महिला पति से अलग होकर किराए के मकान में बच्चों के साथ रहने लगी। साथ ही टिफिन सेंटर चलाकर परिवार का खर्च चलाने लगी। उधर रविंद्र ने उसके साथ दुष्कर्म करना शुरू कर दिया। कुछ दिन तक तो रविंद्र ने खर्च के लिए रुपये दिए। बात में रुपये देना बंद कर दिया। उसके बाद महिला और उसके बच्चों ने रविंद्र को घर पर आने से मना कर दिया, तो उसने मारपीट करना शुरू कर दी। परेशान होकर महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

नगर पालिका की रसीद से अवैध वसूली का आरोप

नप्र, भोपाल : बैरसिया के दशहरा मैदान में नगर पालिका की रसीद का इस्तेमाल कर लोगों से कथित अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। फेसबुक पर वसूली का वीडियो वायरल होने के बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष तनुश्र कुलदी राठौर की शिकायत पर बैरसिया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और प्रतिरूपण की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक वीडियो सामने आया था। इसे राजू धाकड़ नामक व्यक्ति ने अपलोड किया था। वीडियो में दशहरा मैदान में कुछ लोगों द्वारा नगर पालिका की रसीद के माध्यम से कथित रूप से अवैध वसूली किए जाने की बात कही गई थी। वीडियो में उन लोगों के नामों का भी उल्लेख किया गया है, जिनसे रकम वसूले जाने का दावा किया गया है।

सार्वजानिक गोवर्धन महोत्सव 10 को

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः तेजस जनकल्याण समिति के तत्वावधान में सार्वजानिक गोवर्धन महोत्सव का आयोजन 10 नवम्बर को किया जाएगा। ऐतिहासिक छोला दशहरा मैदान में होने वाले इस आयोजन की तैयारी अंतिम चरण में है।

समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुदरिया और सचिव वरुण गुप्ता ने बताया कि शनिवार को आयोजन स्थल पर विशाल पंडाल का निर्माण शुरू कर दिया गया है। अनुष्ठान की शुरुआत मंगलवार शाम चार बजे पांच वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोवर्धन जी का सार्वजानिक पूजन, महाआरती और विश्व कल्याण की कामना के साथ परिक्रमा से होगी। इसके बाद मथुरा,वृंदावन,इंदौर,जबलपुर,भोपाल से आने वाले कलाकारों की धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुति शुरू होगी। जो कार्यक्रम के समापन तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि आयोजन के 11 वे वर्ष में गोवर्धन जी की 11 फीट की मूर्ति के साथ ही विद्युत चलित झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इनका निर्माण राजधानी के प्रख्यात मूर्तिकार राजू कुशवाह की देखरेख में हो रहा है। गोवर्धन जी की मूर्ति के निर्माण में गाय के गोबर के साथ ही मिट्टी,भूसा, गंगाजल और सरेस का इस्तेमाल किया जा रहा है। मूर्ति निर्माण के बाद उसकी आकर्षक सज सज्जा की जाएगी।

